get ready QUEENSLAND

अपने घर को तैयार करें

Queensland Government

क्वीन्सलैंड में हमें उम्दा जलवायु और जीवनशैली प्राप्त है। लेकिन, प्राकृतिक खतरे जैसे कि चक्रवात, तूफान या बाढ़ हमारे पर्यावरण के अवश्यंभावी पहलू हैं। इतिहास दिखाता है कि हम इनके खतरों के प्रति उदासीन नहीं रह सकते।

समय निकालकर निम्नलिखित कार्य करके आपात-स्थितियों के लिए तैयारी करें:

- अपनी आपातकालीन योजना बनाएँ;
- अपना आपातकालीन किट बनाएँ;
- अपने घर को तैयार करें; और
- चेतावनियों के प्रति सजग रहें।

ये सरल कार्य आपको कुदरती विपदाओं के आघात के लिए तैयार होने, उनसे बचने और उनके प्रभाव को न्यूनतम करने में मदद कर सकते हैं।

अपने घर को तैयार करने का सबसे अच्छा समय है तूफान, चक्रवात और मानसून के मौसम से पहले।

ये रहे आपके घर और संपत्ति को तैयार करने में आपकी सहायता करने और संभावित नुकसान को न्यूनतम करने के लिए कई प्रकार के सुझाव।

1. घर का सामान्य रख-रखाव

- छत की दशा की जाँच करें और ढीली खपरैलों, छज्जों और छत के पेंचों की मरम्मत करें।
- नालियों और छत के पानी को नीचे उतारनेवाली पाइपों को साफ करें, ताकि पानी जितनी तेजी से संभव हो से बह जाए।
- पेड़ों की छँटाई करें और घर के आगे निकली हुई शाखाओं को काटें (ऊपर से निकलनेवाले पावर लाइनों के बारे में सावधानी बरतें); और
- घर के और बगीचे में पड़े हुए उन सभी चीज़ों को सुरक्षित करें जो तेज़ हवाओं में उड़कर नुकसान कर सकते हैं (जैसे बगीचे में रखी हुई कुर्सियाँ, खिलौने, आदि)।

2. घर की सामान्य तैयारी

- सुनिश्चित करें कि आपके घर, उसकी चीज़ों और कार का बीमा प्रभावी है और वह आपकी संपत्तियों की कीमत को समुचित रूप से रक्षित करता है - जाँचें कि क्या आपकी पोलिसी मलबे की सफाई और उसके निपटारे को कवर करती है या नहीं;
- तीव्र तूफान या चक्रवात के समय शरण लेने के लिए आपके घर का कौन-सा कमरा सबसे अधिक मजबूत है, इसे पहचानें। सामान्यतः, यह घर का सबसे छोटा कमरा होगा, जिसमें कम से कम खिड़कियाँ हों;
- समझ लें कि पानी, बिजली और गैस के मुख्य स्रोत को कहाँ से और कैसे बंद करना है;
- सौर ऊर्जा संग्रह करनेवाली प्रणालियों को बंद करने की निर्माता द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी रखें; और
- आपात के समय में आवश्यक सामान खरीद लें ताकि वे आसानी से आपको उपलब्ध रहें। इनमें शामिल हैं:
  - पीने के पानी को संग्रह करने के लिए पात्र,
  - अपने वाहन के लिए अतिरिक्त ईंधन (इसे सुरक्षित रूप से संग्रह करें),
  - खिड़कियों के लिए चौड़ी, ढकनेवाली टेप, और
  - टाट के बोरे और रेत - इनका उपयोग घर के अंदर की नालियों को बंद करने के लिए होगा ताकि बाढ़ का पानी नालियों से घर में न घुसे।

3. यदि आप बाढ़ की आशंकावाले इलाके में रहते हों:

- सभी विषैले पदार्थों को ज़मीन के स्तर से काफी ऊपर संग्रह करें ताकि अचानक आई बाढ़ के पानी में वह घुल न सके
- यदि आपका घर बाढ़ के संकट के घेरे में आ जाए, तो किन-किन घरेलू सामग्रियों को ऊपर उठाना या अन्यत्र ले जाना आवश्यक होगा, इसे पहचानें; और
- निम्नलिखित पर विचार करें:
  - फर्श को ढकने के लिये कालीन के अलावा अन्य विकल्प
  - लाइसेन्स-प्राप्त विद्युत ठेकेदार की मदद से बिजली के सभी प्लग-पोइन्टों को फर्श के स्तर से काफी ऊपर उठाना।

4. यदि आप चक्रवात या तीव्र तूफान की आशंका वाले इलाके में रहते हों:

- खिड़कियों में शटर या धातु के स्क्रीन लगवाएँ, ताकि तेज़ हवाएँ झेलने में खिड़कियाँ अधिक सक्षम हो जाएँ; और
- किसी पेशेवर भवन-निर्माता से अपनी इमारत की जाँच करवाएँ और तेज़ हवाओं को झेलने में आपकी इमारत की संरचनात्मक क्षमता बढ़ाने के लिए उससे उचित उपाय सुझाने को कहें।

5. जब चक्रवात या तीव्र तूफानों की मौसमी चेतावनियाँ जारी की जाती हैं:

- बिजली के सभी उपकरणों और सभी बाहरी टीवी और रेडियो एरियलों को डिसकनेक्ट कर दें;
- यदि आपातकालीन अधिकारी-गण बिजली और गैस के मुख्य स्रोतों को बंद करने की हिदायत दें, तो ऐसा करें;
- बाहर रखी हुई मेज़-कुर्सियों और बगीचे की अन्य सामग्रियों को सुरक्षित करें;
- पानी की आपूर्ति बंद होने की संभावना से निपटने के लिए बाल्टियों और बाथ-टब में स्वच्छ पानी भर कर रखें;
- खिड़कियों के शटर गिरा दें या उन पर मजबूत टेप आड़े-तिरछे पैटर्न में लगाएँ और पर्दे खींच दें;
- वाहनों को पेड़ों, बिजली के तारों और नहरों-नदियों से दूर ढके हुए स्थान में लाकर खड़ा करें;
- यदि आप अपने वाहनों को ढके स्थान में नहीं ला सकते हों, तो उन्हें चादरों से अच्छी तरह ढक दें, ताकि वे ओले गिरने से क्षतिग्रस्त न हो जाएँ;
- देख लें कि घर के सभी सदस्य सुरक्षित हैं और वे घर के सबसे मजबूत कमरे में आ गए हैं;
- तूफान या चक्रवात से शरण लेते समय अपने आपातकालीन किट को अपने साथ रखें; और
- आपात स्थिति के बारे में ताज़ा जानकारियों, अतिरिक्त चेतावनियों और सुरक्षा संदेशों के लिए अपने स्थानीय रेडियो स्टेशन को सुनते रहें।

हमेशा याद रखें

अपने घर को तैयार करना आपात स्थितियों के लिए तैयार रहने, उनके दौरान बचे रहने, तथा उनसे निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण पूर्वोपाय है।

यह सूचनापत्र केवल जानकारी के लिए है और इसे नेक इरादे से उपलब्ध कराया गया है। किसी के भी द्वारा इस सूचनापत्र में दी गई जानकारी पर निर्भर करने से सीधे अथवा परोक्ष रूप से किसी को भी होने वाली क्षतियों या नुकसानों (जिनमें परिणाम स्वरूप होने वाली क्षति या नुकसान शामिल हैं) के लिए सामुदायिक सुरक्षा, आपातकालीन प्रबंध विभाग क्वीन्सलैंड और राज्य आपातकालीन सेवा किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होंगे।

© 2011 Department of Community Safety

आपात स्थितियों के लिए तैयारी करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए इस वेबसाइट में पधारें - ***www.disaster.qld.gov.au***